## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–05.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- लोकसभा चुनाव के सभी पांच सौ तैंतालीस सीटों का परिणाम जारी, दो सौ बयानबे सीटों के साथ एनडीए को पूर्ण बहुमत, दौ सौ तैंतीस सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रहा इंडी गठबंधन।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव परिणाम के बाद कहा– लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगा एनडीए, यह जीत भारतीय संविधान और सबका साथ सबका विकास के मंत्र में विश्वास की है।
- झारखंड के चौदह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से भाजपा ने आठ, आजसू ने एक, झामुमो ने तीन और कांग्रेस ने दो सीट पर दर्ज की जीत।
- मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा–नीट में झारखंड के कहकशां परवीन और मानव प्रियदर्शी के साथ देश के सड़सठ विद्यार्थियों को मिला पहला स्थान।
- राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों तक गर्मी को लेकर मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट।

**********************

लोकसभा की सभी 543 सीटों के परिणाम आ गए हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए ने दो सौ बयानबे सीटें जीती हैं। वहीं आई एन डी आई गठबंधन दो सौ तैंतीस सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि 18 सीटों पर अन्य उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है।

अंतिम परिणाम इस प्रकार हैं–

भाजपा 240 सीटें जीतकर सबसे बड़े दल के रूप में उभर कर आई है, जबकि कांग्रेस 99 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर है। समाजवादी पार्टी–37, तृणमूल कांग्रेस–29, डीएमके–22, तेलुगुदेशम पार्टी–16, जनता दल यूनाइटेड, शिवसेना उद्दव ठाकरे–9, एनसीपी शरद पवार–8, शिवसेना शिंदे–7, लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास–5, आरजेडी और सीपीआईएम–चार–चार, आम आदमी पार्टी और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की तीन–तीन तथा जेडीएस, जनसेना, वीसीके, सीपीआई, सीपीआई एमएल और नेशनल कॉन्फ्रें स को दो–दो सीटें मिली हैं।

**********************

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाएगा। भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्रीमोदी ने कहा कि लोगों ने इस चुनाव में भाजपा और एनडीए पर पूरा भरोसा दिखाया है। श्री मोदी ने कहा कि यह भारतीय संविधान और सबका साथ, सबका विकास के मंत्र में विश्वास की जीत है। उन्होंने लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन में शामिल निर्वाचन आयोग और अन्य लोगों की भी सराहना की।

**********************

झारखंड में 14 सीटों पर हुए लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने आठ, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन ने एक, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने तीन और कांग्रेस ने दो सीटें जीती हैं। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा खूंटी सीट से चुनाव हार गए हैं। उन्हें कांग्रेस के कालीचरण मुंडा ने एक लाख 40 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराया।

केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता अन्नपूर्णा देवी कोडरमा सीट से निर्वाचित हुई हैं। हजारीबाग से भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल, रांची से संजय सेठ, पलामू से बीडी राम, गोड्डा से निशिकांत दुबे, धनबाद से ढुल्लू महतो, जमशेदपुर से विद्युतवरन महतो और चतरा से कालीचरण सिंह चुनाव जीत गए हैं। एनडीए की सहयोगी पार्टी ऑल झारखंड स्टुडेंट्स यूनियन के चंद्र प्रकाश चौधरी गिरिडीह सीट से निर्वाचित हुए हैं। राजमहल से झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा, सिंहभूम से जोबा मांझी और दुमका से नलिन सोरेन चुनाव जीत गये हैं। खूंटी से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और लोहरदगा से सुखदेव भगत निर्वाचित हुए हैं।

**********************

झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों का परिणाम आ चुका है। कोडरमा से केन्द्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी भाकपा माले के विनोद सिंह से तीन लाख 77 हजार 14 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। यह राज्य में सबसे अधिक वोटों के अंतर से जीत है। वहीं धनबाद से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कांग्रेस की अनुपमा सिंह को सवा तीन लाख से अधिक वोटों से हराया। पलामू से भाजपा के वीडी राम ने राजद की ममता भुइंया को दो लाख अठासी हजार से अधिक वोटों से हराया जबकि हजारीबाग से भाजपा के मनीष जायसवाल ने कांग्रेस के जेपी पटेल के खिलाफ 2 लाख 75 हजार सात सौ 75 वोटों से जीत दर्ज की। वहीं जमशेदपुर से भाजपा के विद्युत वरण महतो ने झामुमो के समीर मोहन्ती को दो लाख उनसठ हजार सात सौ 82 वोटों से हराया। जबकि चतरा से भाजपा के कालीचरण सिंह ने कांग्रेस के केएन त्रिपाठी को दो लाख बीस हजार आठ सौ दो मतों से हराया। इधर राजमहल से झामुमो के विजय कुमार हांसदा ने भाजपा के ताला मरांडी के खिलाफ पौने दो लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज की। जबकि सिंहभूम से झामुमो की जोबा मांझी ने भाजपा की गीता कोड़ा को लगभग एक लाख अड़सठ हजार वोटों से हराया इधर खूंटी से कांग्रेस के कालीचरण मुण्डा ने भाजपा के अर्जुन मुण्डा के खिलाफ एक लाख उनचास हजार छह सौ 75 वोटों से जीत दर्ज की। लोहरदगा सीट से कांग्रेस के सुखदेव भगत ने भाजपा के समीर उरांव को एक लाख उनचालीस हजार एक सौ 38 वोटों से हराया। उधर रांची संसदीय क्षेत्र से भाजपा के संजय सेठ ने कांग्रेस की यशस्विनी सहाय को एक लाख बीस हजार से अधिक मतों से जबकि गोड्डा से भाजपा के निशिकांत दुबे ने कांग्रेस के प्रदीप यादव कोएक लाख पांच हजार पांच सौ 67 वोट से हराया। इधर गिरिडीह संसदीय सीट से आजसू के चन्द्रप्रकाश चौधरी ने झामुमो के मथुरा महतो को अस्सी हजार से अधिक वोटों से हराया। उधर दुमका में झामुमो के नलिन सोरेन ने भाजपा की सीता सोरेन को 22 हजार पांच सौ 27 वोटों से हराकर जीत दर्ज की। बता दें कि राज्य की दुमका सीट पर जीत में वोटों का अंतर सबसे कम रहा।

**********************

राज्य के गांडेय विधान सभा उपचुनाव में झामुमो की कल्पना सोरेन ने भाजपा के दिलीप कुमार वर्मा को सत्ताईस हजार एक सौ उनचास  मतों से हराकर जीत दर्ज की। उधर कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को गिरिडीह के उपायुक्त सह जिला निर्वाची पदाधिकारी नमन प्रेयस लकड़ा ने कल रात जीत का प्रमाण पत्र सौंपा।

**********************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।


**********************

मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा—नीट में झारखंड के कहकशां परवीन और मानव प्रियदर्शी के साथ देश के सड़सठ विद्यार्थियों को पहला स्थान मिला है। बता दें कि मानव प्रियदर्शी राजधानी रांची के रहनवाले हैं। इन सभी 67 विद्यार्थियों को नीट परीक्षा में शत प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

**********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में अगले तीन दिनों तक गर्मी को लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं संताल के कुछ इलाकों में आज हल्की बारिश हो सकती है। वहीं दूसरी ओर सात और आठ जून को हीट वेव चलने की चेतावनी जारी की गई है।

**********************

साहिबगंज में खरीफ फसलों के लिए किसान और कृषि विभाग तैयारी में जुट गए हैं।

**********************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित लगभग सभी प्रमुख अखबारों ने लोकसभा चुनाव परिणाम की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
प्रभात खबर ने लिखा है— थोड़ी जीत थोड़ी हार फिर एनडीए सरकार।
दैनिक भास्कर की सुर्खी है — सरकार एनडीए की, चमत्कार इंडिया का।
दैनिक जागरण लिखता है— लोकतंत्र की जय, गठबधंन के सहारे मोदी।
हिन्दुस्तान ने लिखा है मोदी तीसरी पारी के लिए तैयार।
रांची एक्सप्रेस लिखता है तीसरी बार भी बनेगी बीजेपी प्लस सरकार।
राष्ट्रीय नवीन मेल की सुर्खी है संजय सेठ ने मारी बाजी।
अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी चुनाव परिणाम की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**********************